# 16

# पारिवारिक आय का प्रबंधन

भोजन, मकान तथा कपड़ा मनुष्य की आधारभूत आवश्यकताएँ हैं। हम इन आधारभूत आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा कर सकते हैं? जी हाँ, हमें अपने लिए भोजन, कपड़ा तथा आवास (मकान) को खरीदना होता है। किसी वस्तु को खरीदने के लिए हमें धन की आवश्यकता होती है। हमें यह धन कहाँ से प्राप्त हो सकता है?




जी हाँ, आपके माता- पिता धन कमाने के लिए काम करते हैं ताकि घर को चला सकें और परिवार के सभी सदस्यों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। क्या आपके माता-पिता किसी अन्य स्रोत से और अधिक धन अर्जित कर सकते हैं या क्या आप या आपके भाई-बहन पारिवारिक आय में किसी प्रकार का योगदान कर सकते हैं? जी हाँ, आप घर के कार्यों में अपने माता-पिता की मदद कर सकते हैं जैसे साफ-सफाई, झाड़ू-पोछा, बर्तन या कपड़े धोना। आप घर में कपड़े सिल सकते हैं या बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं या घर के इलैक्ट्रानिक उपकरणों को ठीक कर सकते हैं या दूसरों के लिए टाइपिंग का काम कर सकते हैं। इन कार्यों से अर्जित धन या बचाए गए धन से परिवार के सदस्यों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है।

यदि धन की व्यवस्था ध्यानपूर्वक की जाए तो हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और कुछ धन की बचत भी कर सकते हैं। इस पाठ में हम पारिवारिक आय के प्रबंधन पर चर्चा करेंगे। आइए देखें कि हम ऐसा किस प्रकार कर सकते हैं।

## उद्देश्य

इस पाठ का अध्ययन करने के पश्चात आप:

- पारिवारिक आय को परिभाषित कर पाएँगे;
- पारिवारिक आय की सूची तैयार कर पाएँगे;

- व्यय तथा बचत को परिभाषित कर पाएँगे;
- पारिवारिक आय के प्रबंधन के उद्देश्य को जान पाएँगे;
- पारिवारिक आय के प्रबंधन की प्रक्रिया का वर्णन कर पाएँगे;
- व्यय योजना (बजट) को परिभाषित कर पाएँगे व उसके महत्व को जान पाएँगे;
- परिवार के लिए एक बजट बना पाएँगे, और
- अपने परिवार के बजट का मूल्याँकन कर पाएँगे और यथा अपेक्षित कोई परिवर्तन कर पाएँगे।

## 16.1 आय तथा उनके स्रोत

धन के रूप में जो कुछ भी अर्जित किया जाता है और वह परिवार में आता है तो उसे आय कहते हैं। यह आय विभिन्न स्रोतों से प्राप्त हो सकती है।

### 16.1.1 आय के स्रोत

नौकरी से प्राप्त होने वाला वेतन, मकान या दुकान से किराया, अंशकालीन कक्षाएँ चलाना, बैंक से प्राप्त होने वाला ब्याज, शेयरों की बिक्री तथा अन्य निवेशों से प्राप्त होने वाला धन आय हो सकती है। आय अपने कौशलों का प्रयोग करके या अपने घरेलू उत्पादों से लाभ अर्जित करके भी प्राप्त की जा सकती है।

जब आप अपने कौशलों का प्रयोग करते हैं जैसे परिवार के सदस्यों के लिए कपड़े सिलना या परिवार के खाने के लिए सब्जियों को उगाना या परिवार के सदस्यों के लिए स्वैटर बुनना, आदि तो इन कार्यों के लिए आपको धन की प्राप्ति नहीं होती है किन्तु ऐसा करने से आप अप्रत्यक्ष रूप से वह पैसा बचा लेते हैं जिसका भुगतान आपको कपड़े सिलाने, सब्जियाँ खरीदने या स्वैटर खरीदने के लिए करना पड़ता। इस प्रकार की बचत आपकी आय में वृद्धि करती है।

निःशुल्क सेवाओं जैसे चिकित्सा सुविधा, बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा तथा किराया-मुक्त आवास का प्रयोग करके भी आय में बचत की जा सकती है। क्या अब आप पारिवारिक आय को परिभाषित कर सकते हैं?

**पारिवारिक आय से तात्पर्य परिवार में सभी स्रोतों से आने वाली आय है जैसे परिवार के सदस्यों का वेतन, किराया, बैंक से प्राप्त होने वाला ब्याज तथा परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कौशल का प्रयोग करके की गई बचत।**

## पाठगत प्रश्न 16.1

1. निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करने के लिए सही विकल्प का चयन करें:

   क. आय से तात्पर्य है:

i धन

ii घर

iii फर्नीचर

iv उपर्युक्त सभी

ख. पारिवारिक आय से तात्पर्य है:

i एक घर में रहने वाले सभी व्यक्तियों की आय

ii देश में उत्पादित वस्तुएँ व सेवाएँ

iii वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग का अधिकार

iv उपर्युक्त सभी

## गतिविधि 16.1

1. अपने माता-पिता से चर्चा करें और अपनी पारिवारिक आय के स्रोतों की सूची बनाएँ।
2. अपने परिवार के सभी सदस्यों के कौशलों की सूची तैयार करें। उन्हें सुझाव दीजिए कि वे पारिवारिक आय में योगदान देने के लिए अपने कौशलों का प्रयोग किस प्रकार कर सकते हैं। उन्हें बिक्री के लिए कुछ उत्पादों के निर्माण का सुझाव प्रस्तुत करें।

परिवार के सदस्यों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री की योजना बनाएँ व उन्हें संगठित करें। अपने मित्र तथा परिवार के सदस्यों से अनुरोध करें कि वे नीचे दिए गए प्रश्नों के आधार पर सम्पूर्ण प्रयासों का मूल्याँकन करें और सुधार के लिए सुझाव देते हुए अपने निष्कर्ष बताएँ।

i) क्या बिक्री के लिए स्थान, तारीख व समय उपयुक्त है?

ii) क्या बिक्री का स्टाल व उसकी साज-सज्जा सही है या नहीं?

iii) बिक्री के उत्पाद अधिक मँहगे तो नहीं हैं?

iv) क्या इन उत्पादों का निर्माण संतोषजनक है?

v) क्या इस बिक्री में बहुत लोग आए हैं?

vi) क्या बिक्री के लाभ ने परिवार को और अधिक उत्पादों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया है?

## 16.2 व्यय

अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वस्तुओं की खरीद पर अपनी आय से किए गए खर्च को व्यय कहते हैं। आइए, उन सभी वस्तुओं और सेवाओं की सूची बनाएँ जिन पर परिवार

अपनी आय को व्यय करता है। आपकी सूची में अनेक वस्तुएँ व सेवाएँ हो सकती है, जिन्हें नीचे दर्शाया गया है।

भोजन

आवास

कपड़े

शिक्षा

परिवहन

चिकित्सा व्यय

मनोरंजन

अन्य

आइए व्यय को परिभाषित करें-

**आय परिवार में धन को लाती है और व्यय परिवार से धन को बाहर भेजता है जिससे वह किसी अन्य कार्य के लिए उपलब्ध नहीं हो सकता।**

### गतिविधि 16.2

अपनी तत्काल आवश्यकताओं (अल्पकालीन व्ययों) तथा बाद में पूरी की जाने वाली (दीर्घकालीन व्ययों)की सूची तैयार करें।

## 16.3 बचत

परिवार में आने वाली आय का एक भाग भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अलग रख लेना चाहिए। भविष्य के लिए अलग रखे गए इस धन को "बचत" कहते हैं और इसका प्रयोग भविष्य में किसी भी समय किसी भी उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया जा सकता है जैसे परिवार की आवश्यकताएँ या आपातकालीन स्थितियाँ, बच्चों का विवाह, उच्च शिक्षा, बुढ़ापे के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य सबंधी आपात स्थितियाँ या विलासिता की वस्तुएँ आदि खरीदने पर खर्च।

**परिवार द्वारा आवश्यकता के समय प्रयोग किए जाने के लिए अलग से रखे गए धन को बचत कहते हैं।**

## 16.4 आय के प्रबंधन की आवश्यकता

कुछ धन की बचत करने के लिए, आपका व्यय आपकी आय से कम होना चाहिए। व्ययों को

आपकी आय के अनुसार व्यवस्थित करने के लिए, आपके व्ययों के लिए योजना बनाने की आवश्यकता है। इसे "आय का प्रबंधन" कहते हैं और इसका तात्पर्य है कि खर्चों को विवेकपूर्ण ढंग से व्यवस्थित करना ताकि सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इसके लिए आपको 'व्यय योजना' तैयार करनी होगी।

**'व्यय योजना' धन को खर्च करने का नियोजित दृष्टिकोण है। यह परिवार की कुल आय पर आधारित है। इससे परिवार को अपनी आय के भीतर ही जीवनयापन में सहायता मिलती है और साथ ही साथ भविष्य की आवश्यकताओं तथा आपातकालीन परिस्थितियों के लिए बचत करने में भी मदद मिलती है।**

## 16.5 व्यय योजना या बजट क्या है?

वास्तव में यह परिवार के सभी सदस्यों की आवश्यकताओं तथा इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रत्येक मद हेतु आवंटित धन की सूची है। ऐसा करने के लिए आपको अपने परिवार की आय का भी ज्ञान होना चाहिए।

व्यय योजना बनाने की आवश्यकता क्यों है?

- यदि हम व्यय योजना तैयार नहीं करते हैं तो हमारा व्यय हमारी आय से अधिक हो सकता है। इसप्रकार यदि हमारा व्यय हमारी आय से अधिक होता है तो हमें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उधार/ऋण लेना होगा।

  व्यय > आय ———————————————— ऋण
  (> अर्थात "से अधिक")

- समस्याओं में फँसने से बचने के लिए अपनी व्यय योजना तैयार करें और अपने व्यय को अपनी आय से कम रखें ताकि आप कुछ धन बचा सकें।

  व्यय < आय ———————————————— बचत
  (< अर्थात "से कम")

## 16.6 व्यय योजना कैसे बनाएँ?

अपनी व्यय योजना बनाने के लिए निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें -

1. उस अवधि के लिए अपने पास उपलब्ध आय तथा सुविधाओं को ध्यान में रखें, जिस अवधि के लिए व्यय योजना बनानी है।
2. उस अवधि के लिए परिवार के सदस्यों की सभी आवश्यकताओं(वस्तुएँ व सेवाएँ) की सूची बनाएं।
3. इन आवश्यकताओं की प्राथमिकता निर्धारित करें।

4. कुल आय को ध्यान में रखते हुए राशि आवंटित करें। इससे धन तथा अन्य संसाधनों के कुशल प्रयोग में सहायता मिलेगी।
5. व्यय योजन में संतुलन रखें। इससे भी कुछ धन को बचाने में सहायता मिलेगी।

दूसरा चरण है सभी आवश्यकताओं (मुख्य श्रेणी) की सूची बनाना। आवश्यकताओं के अनुसार सभी परिवारों की अपनी व्यय योजना होती है।

आपके परिवार में व्यय की मदों में निम्नलिखित वस्तुएँ हो सकती हैं:

| मुख्य श्रेणी | उप श्रेणी | आवंटन(रूपए में) |
|---|---|---|
| **भोजन** | • ताजा भोजन<br>• परिष्कृत भोजन | |
| **घर** | • किराया<br>• रख-रखाव तथा अनुरक्षण | |
| **कपड़े** | • परिधान तथा कपड़ों की खरीद<br>• मरम्मत तथा सिलाई<br>• ड्राइक्लीनिंग तथा धुलाई | |
| **शिक्षा** | • पुस्तकें<br>• फीस<br>• स्टेशनरी<br>• व्यावसायिक खर्चे | |
| **घर के खर्चे** | • ईंधन<br>• घर का सामान<br>• नौकरों का वेतन | |
| **परिवहन** | • व्यक्तिगत(कार)<br>• सार्वजनिक | |
| **जन सेवाएँ** | • बिजली<br>• टेलीफोन<br>• पानी<br>• डाक सेवा | |

| | | |
|---|---|---|
| **घर का फर्नीचर** | | |
| **चिकित्सा व्यय** | • वयस्क<br>• बच्चे | |
| **कर** | • आय<br>• संपति या घर | |
| **मनोरंजन** | • वयस्क<br>• बच्चे | |
| **परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत भत्ते** | | |
| **आपात स्थितियाँ** | | |
| **बचत** | • जमा बचत<br>• बीमा<br>• निवेश | |

## पाठगत प्रश्न 16.2

नीचे दी गई तालिका में प्रत्येक व्यय के सामने बजट शीर्ष को भरें। आपकी सुविधा के लिए प्रथम मद को पहले से ही भरा गया है।

| | व्यय | बजट शीर्ष |
|---|---|---|
| 1. | नल की मरम्मत | घर |
| 2. | एस्परीन की गोलियों का पत्ता खरीदना | |
| 3. | बस से अपने मित्र के घर जाना | |
| 4. | बाहर भोजन करना | |
| 5. | टूथब्रश खरीदना | |
| 6. | स्कूल के लिए पानी की बोतल खरीदना | |
| 7. | घर पर टेलीफोन का कनेक्शन लगवाना | |
| 8. | बिजली के बिल का भुगतान करना | |

## 16.7 प्रत्येक मद पर कितना खर्च करना है?

प्रत्येक परिवार की अपनी आवश्यकताएँ होती हैं जो अन्य परिवारों से भिन्न होती हैं(यहाँ तक कि विद्यार्थी के रूप में पुस्तकों, कॉपियों, पेंसिल, पेन, रबड़ आदि की आपकी ज़रूरतें दूसरे विद्यार्थियों से भिन्न होती हैं)। एक परिवार विभिन्न मदों पर कितना खर्च करता है यह विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

आइए इन कारकों पर चर्चा करें :

i **आय-** मूल रूप से एक परिवार में सभी स्रोतों से प्राप्त होने वाली कुल आय यह निर्णय लेने में सहायक होती है कि विभिन्न वस्तुओं पर कितना खर्च करना है। आय जितनी अधिक होगी विभिन्न वस्तुओं को खरीदने के लिए उतना ही अधिक व्यय किया जाएगा।

ii **परिवार का आकार -** परिवार के सदस्यों की संख्या जितनी अधिक होगी भोजन और कपड़ों पर उतना ही अधिक व्यय होगा। इसलिए वह परिवार मनोरंजन तथा विलासिता आदि पर अधिक खर्च नहीं कर पाएगा।

iii **परिवार के सदस्यों की आयु -** यदि परिवार में स्कूल जाने वाले बच्चे हैं तो उनकी शिक्षा, स्कूल की यूनीफॉर्म, स्टेशनरी आदि पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

iv **आवास का स्थान -** दिल्ली तथा मुंबई जैसे बड़े शहरों में जीवन, भोजन, आवास किराए, यात्रा व्यय तथा स्कूल की फीस की राशि छोटे शहरों और गांवों की तुलना में अधिक होती है।

v **कौशल -** यदि परिवार के कुछ सदस्यों में कुछ कौशल हैं जैसे घर के सामान की मरम्मत अर्थात बिजली के उपकरणों को ठीक करने, लकड़ी का काम जानने आदि का कौशल है तो इन वस्तुओं की मरम्मत पर होने वाले खर्च से बचा जा सकता है।

vi **बचत-** भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बचत करना।

- **इन आवश्यकताओं की प्राथमिकता निर्धारित करना**

आपने अपने परिवार के सदस्यों की सभी आवश्यकताओं की सूची तैयार कर ली है। इन आवश्यकताओं के लिए व्यय योजना तैयार करने से पूर्व सभी आवश्यकताओं की प्राथमिकता निर्धारित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक विशिष्ट परिवार की आवश्यकताओं की प्राथमिकता सूची नीचे प्रस्तुत की गई है। आप इस बात से सहमत होंगे कि प्रत्येक परिवार की आवश्यकताएँ तथा उनकी प्राथमिकता भिन्न होती है।

### गतिविधि 16.3

- अपने एक सप्ताह के सभी व्ययों की सूची तैयार करें और उनकी प्राथमिकता निर्धारित करें।






- अपने मित्र को भी ऐसा करने को कहें।
- अपनी प्राथमिकता सूचियों में किसी प्रकार की कमी का पता लगाने के लिए अपने मित्र के साथ इसका विश्लेषण करें।

## राशियों का आवंटन

आपके पास अपने व्ययों की सूची उपलब्ध है और आपको यह भी पता है कि आपके पास कितना धन उपलब्ध है। अब आप अपनी आय के अनुसार विभिन्न शीर्षों पर धन का आवंटन करें और देखें कि आप अपनी आय में कितनी बचत कर सकते हैं।

नीचे दी गई तालिका में व्यय के प्रतिशत तथा प्रत्येक वस्तु पर किए गए खर्च का अनुमान प्रस्तुत है।

| व्यय की मदें | राशि (रु.) |
|---|---|
| भोजन(35%) | 3500 |
| आवासन (20%) | 2000 |
| कपड़े (5%) | 500 |
| परिवार का मनोरंजन (5%) | 500 |
| घर के काम (6%) | 600 |
| शिक्षा (5%) | 500 |
| परिवहन (8%) | 800 |
| चिकित्सा व्यय (3%) | 300 |
| फर्निशिंग(3%) | 300 |
| बचत (10%) | 1000 |
| **कुल** | **10000** |




**तालिका 16.1.एक परिवार के लिए विभिन्न वस्तुओं पर व्यय**

यह तालिका व्यय के मुख्य शीर्षों को दर्शाती है। अपनी स्वयं की व्यय योजना तैयार करते समय आप प्रत्येक वस्तु पर किए जाने वाले व्यय को विस्तारपूर्वक पृथक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

- **बचाई जाने वाली राशि**

  प्रत्येक परिवार, चाहे परिवार के सदस्यों की संख्या या आयु कुछ भी हो, को अपनी भावी आवश्यकताओं के लिए अपनी मासिक आय से कुछ राशि को बचाना चाहिए। यह आवश्यकता परिवार की जरूरत के अनुसार बच्चों की शिक्षा या विवाह, चिकित्सा व्यय, भवन निर्माण,

कार या रेफ्रिजरेटर खरीदना हो सकती है। एक परिवार को व्यय की तुलना में बचत पर अधिक बल देना चाहिए। मार्गदर्शन के रूप में, आपको मासिक आय लगभग 10% की बचत करनी चाहिए।

- **व्यय योजना को संतुलित करना**

  अपनी व्यय योजना तैयार करते समय, आप अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक वस्तु के लिए व्यय का निर्धारण कर सकते हैं। एक व्यय योजना तैयार करने की प्रक्रिया में सबसे कठिन चरण होता है योजना को संतुलित करना अर्थात व्ययों को आय से कम रखना। अनुभव से हम इस कला में पारंगत हो जाते हैं।

ऐसा करने के दो तरीके हैं -

**संतुलन करना**

**ऐसा करने के दो तरीके**



| अधिक आय अर्जित करें | अपने व्ययों को कम करें |
|---|---|
| • अपनी क्षमताओं, कौशलों तथा ज्ञान के अनुसार अनुपूरक आय के स्रोतों का पता लगाने का प्रयास करें जैसे ट्यूशन लेना, कपड़े सिलना, हैंडीक्राफ्ट की वस्तुएँ बनाना आदि।<br>• पार्ट टाइम कार्य करके, ओवर टाइम कार्य करके, घरेलू उत्पादन जैसे किचन-गार्डन, मुर्गीपालन, संरक्षित खाद्य पदार्थो का निर्माण करके आय में संवर्धन करना। | • भोजन को बर्बाद न करें।<br>• बाहर भोजन करने की आदत को कम करें।<br>• बिजली, पानी आदि पर होने वाले व्यय को नियंत्रित करें।<br>• कपड़ों को धोने तथा इस्त्री का काम घर पर ही करें।<br>• स्टेशनरी अर्थात पेपर, पेंसिल आदि का मितव्ययी प्रयोग करें।<br>• जन-परिवहन व्यवस्था का प्रयोग करें।<br>• रिक्शा के स्थान पर साइकिल का प्रयोग करें।<br>• कहानी की पुस्तकें खरीदने के स्थान पर सार्वजनिक पुस्तकालय से पुस्तकें लाएँ।<br>• सेल/छूट देने वाली दुकानों से या सस्ती दुकानों से खरीदारी करें।<br>• एक बारी में ही पूरी खरीदारी करें।<br>• अनावश्यक खरीदारी से बचें।<br>• अनावश्यक वस्तुओं के लिए धन का आवंटन अंत में करें। |





"We are spending entirely too much on bills."





ये कुछ तरीके हैं जिनके द्वारा आप अनुपूरक पारिवारिक आय में सहयोग कर सकते हैं। इसलिए सर्वोत्तम बजट वह है जिसमें आय तथा व्यय का आवंटन संतुलित होता है।




चित्र.16.1

## व्यय योजना

- "आवेश में खरीददारी" से बचें अर्थात एक विशिष्ट समय पर यदि किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है तो उसे न खरीदें।
- व्यय योजना से आपके परिवार के सभी सदस्यों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है। इसके लिए आप व्यय की सूची बनाते हैं, प्रत्येक मद के लिए धन आवंटित करते हैं और व्यय योजना के अनुसार व्यय करते हैं।

पाँच सदस्यों वाले परिवार यथा माता, पिता, दादी तथा स्कूल जाने वाले दो बच्चों के लिए व्यय योजना/बजट तैयार करें।

| | |
|---|---|
| नौकरी से पिता की आय | = रु. 16,000 |
| नौकरी से माँ की आय | = रु. 14,000 |
| बैंक से ब्याज( बचत से) | = रु. 1,000 |
| कुल आय | = रु. 31,000 प्रति माह |

अब आपकी व्यय योजना तैयार है और आपने इसे संतुलित भी किया है। अंतिम पहलू है कि आप अपने सभी व्ययों के रिकार्ड भी रखें।

आप अपने व्यय का रिकार्ड क्यों रखते हैं? जी हाँ इससे आपको निम्नलिखित में मदद मिलेगी:

- आप जान पाएँगे कि आपने प्रत्येक मद पर कितना व्यय किया है।
- जान पाएँगे कि पिछले महीने की तुलना में वस्तुओं पर अधिक व्यय किया गया है या कम।

- इन वस्तुओं पर व्यय न करके किसी अनावश्यक व्यय को नियंत्रित कर पाएँगे।
- भविष्य की आवश्यकताओं की योजना बना पाएँगे।
- धन बचा पाएँगे।
- पुरानी कीमतों की तुलना नई कीमतों से कर पाएँगे।
- धोखाधड़ी से बच पाएँगे।

नीचे दर्शाई गई तालिका आपको प्रत्येक माह के व्यय का रिकार्ड रखने की विधि का ज्ञान प्रदान करेगी।

**तालिका 16.2**

**व्यय का रिकार्ड**

महीना________________ वर्ष ___________

| क्रसं | मदें | सप्ताह 1 | सप्ताह 2 | सप्ताह 3 | सप्ताह 4 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भोजन | | | | | |
| | अनाज | | | | | |
| | दालें | | | | | |
| | सब्जियाँ | | | | | |
| | फल | | | | | |
| | दूध | | | | | |
| | घी/तेल | | | | | |
| | मक्खन | | | | | |
| | मसाले | | | | | |
| | अंडे, मीट | | | | | |
| | अन्य | | | | | |
| 2. | घर | | | | | |
| | किराया | | | | | |
| | मरम्मत | | | | | |
| | संपत्ति कर | | | | | |
| 3. | कपड़े | | | | | |
| | बिना सिले | | | | | |
| | कपड़े- बने बनाए | | | | | |
| | टेलर की सिलाई | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | धोबी<br>इस्त्री<br>जूते/चप्पलें/सेंडल,<br>जुराबें, रुमाल<br>अधोवस्त्र<br>स्कूल के कपड़े | | | | | |
| 4. | शिक्षा<br>स्कूल की फीस<br>पुस्तकें, स्टेशनरी आदि | | | | | |
| 5. | घर के विभिन्न बिल<br>बिजली का बिल<br>पानी का बिल<br>कोई अन्य | | | | | |
| 6. | चिकित्सा व्यय<br>डॉक्टर की फीस<br>दवाइयाँ | | | | | |
| 7. | परिवहन<br>बस का किराया<br>मैट्रो का किराया<br>पेट्रोल<br>साइकिल, कार आदि की मरम्मत/सेवा | | | | | |
| 8. | बचत | | | | | |
| 9. | कोई अन्य मद | | | | | |

## 16.8 अच्छे बजट की विशेषताएँ

**क. आय का सटीक अनुमान:** अपनी आय की सटीक राशि का अनुमान लगाएँ जो व्यय के लिए उपलब्ध है।(परिवार की सकल आय और निवल आय में अंतर होता है)

**व्यय का सटीक अनुमान:** व्यय का अनुमान यथा संभव सटीक होना चाहिए। पिछले वर्ष के बचट या व्यय व बचत के पिछले रिकार्डों का अवलोकन करें।

**क. धन का युक्तिसंगत स्तर पर सटीक आवंटन:** व्ययों पर संसाधनों का अनुमान युक्तिसंगत स्तर पर सटीक होना चाहिए; परिवार को अपनी वर्तमान आवश्यकताओं

और इच्छाओं का निर्धारण करने तथा भावी परिवर्तनों (जैसे अक्तूबर - नवंबर माह में त्यौहारों तथा अन्य अवसरों के लिए अतिरिक्त व्यय की आवश्यकता होती है)का अनुमान लगाने में सक्षम होना चाहिए।

**ख. लचीलापन:** कुछ वस्तुओं पर पर्याप्त मार्जिन रखकर बजट को लचीला बनाया जा सकता है। आपकी आवश्यकता के अनुसार एक वस्तु पर किए जाने वाले खर्च को दूसरी वस्तु के लिए रखा जा सकता है। उदाहरण के लिए अप्रत्याशित उच्च चिकित्सा व्ययों को पूरा करने के लिए मनोरंजन के मद से कुछ धन को लिया जा सकता है।

## गतिविधि 16.4

**नीचे व्यय की कुछ श्रेणियाँ प्रस्तुत की गई हैं। परिवार के प्रत्येक सदस्य को पृथक रूप से इन व्ययों का प्राथमिकता निर्धारित करने को कहें तथा इनके परिणामों की तुलना करें।**

| मद | निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा वरियता प्रदान करना | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पिता | माता | आप स्वयं | बहन/भाई |
| भोजन | | | | |
| कपड़े | | | | |
| शिक्षा | | | | |
| मनोरंजन | | | | |
| बिलों का भुगतान | | | | |
| चिकित्सा व्यय | | | | |

## पाठगत प्रश्न 16.3

1. निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत। यदि गलत हैं तो सही वाक्य लिखें।

   क. विभिन्न प्रयोजनों के लिए आय को आवंटिन करने की प्रक्रिया को बजट कहते हैं।

   ______________________________

   ख. परिवार के लक्ष्य बजट को प्रभावित करते हैं।

   ______________________________

ग. बजट यह निर्धारण करने में सहायक होता है कि कौन-सी वस्तु अन्य से अधिक महत्वपूर्ण है।

_______________________________________________

घ. बजट दीर्घकालीन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक नहीं होता है।

_______________________________________________

ङ. बजट आपकी वित्त व्यवस्था के प्रबंधन में सहायक होता है।

_______________________________________________

च. बजट का मुख्य प्रयोजन आपको अपनी आय के अनुसार जीने की व्यवस्था करना है।

_______________________________________________

छ. परिवार के सदस्यों की आय बजट को प्रभावित नहीं करती है।

_______________________________________________

ज. बजट बनाने से धन की बचत में सहायता मिलती है।

_______________________________________________

झ. आय के प्रमुख भाग का प्रयोग भोजन पर व्यय करने के लिए किया जाता है।

_______________________________________________

अब आप धन के प्रबंधन के महत्व को समझ गए होंगे क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण संसाधन है। आपके परिवार के सदस्य धन अर्जित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसे व्यर्थ नहीं करना चाहिए। आपको पॉकिट-मनी के रूप में मिलने वाली राशि का प्रबंधन करना चाहिए। धन के प्रबंधन के महत्व को समझने के लिए अपने माता-पिता की भी मदद करें और बजट बनाने में भी उनकी सहायता करें।

## आपने क्या सीखा

किराया


नि:शुल्क सुविधाएँ

भूमि

घर

बैंक ब्याज

कौशल




## पाठांत प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक को परिभाषित करें:
   क. धन, आय
   ख. प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष आय
   ग. बजट
2. "परिवार के व्यय की योजना" के महत्व को दर्शाने वाले किन्हें पाँच बिंदुओं को बताएँ।
3. अपने मित्रों से अनुरोध करें कि वह अपने परिवार के लिए व्यय योजना तैयार करे। यदि वे ऐसा करने के लिए सहमत नहीं होते है तो:
   - उन्हें व्यय योजना का महत्व दर्शाने वाले दो कारण बताएँ।

- उन्हें अपनी व्यय योजनाओं को विकसित करने में सहयोग करें।
- योजना में प्रत्येक खामी को सुधारने के लिए कारण सहित सुझाव प्रस्तुत करें।

5. "व्यय योजना" को परिभाषित करें और विभिन्न मदों पर धन के आवंटन का निर्णय लेने वाले कारकों का वर्णन करें।
6. निम्नलिखित परिवारों के लिए एक सामान्य व्यय योजना बनाएँ:

   क. चार सदस्यों के एक परिवार जिसमें माता, पिता और दो बच्चे जिनकी आयु क्रमशः 12 वर्ष और 17 वर्ष है। वे दिल्ली में एक किराए के मकान में रहते हैं। पिता को प्रतिमाह 5000 रूपए का वेतन मिलता है।

   ख. छह सदस्यों का एक परिवार जिसमें दादा, दादी, माता, पिता और स्कूल जाने वाले दो बच्चे शामिल हैं जिनकी आयु 8 वर्ष और 12 वर्ष है। यह परिवार एक गाँव में रहता है और उनका एक छोटा सा खेत है जिससे उन्हें 3000 रूपए की मासिक आय प्राप्त होती है। बच्चे गाँव के स्कूल में पढ़ते हैं जहाँ निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

## पाठगत प्रश्नों के उत्तर

**16.1**

क. iv

ख. iv

ग. iii

**16.2** i) घर ii) चिकित्सा-व्यय iii) परिवहन iv) मनोरंजन v)घरेलू

vi) शिक्षा vii) विलासिता viii) भोजन

**16.3**

क. सही

ख. सही

ग. सही

घ. गलत

ड. सही

च. सही

छ. गलत

ज. सही

झ. वह अन्य व्यक्तियों/मित्रों के लिए चिंतित है।